भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 542

जिसका उत्तर 28 नवंबर, 2024 को दिया जाना है।

.....

आंध्र प्रदेश में पुनर्वास परियोजनाएं

542. श्री बी. के. पार्थसारथीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बांध पुनर्वास एवं सुधार कार्यक्रम तथा सरकार की अन्य योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में कितने बांधों का विस्थापन प्रस्तावित है;

(ख) इस प्रयोजन के लिए आंध्र प्रदेश को आवंटित/जारी की गई धनराशि का योजना/परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन परियोजनाओं पर अब तक क्या प्रगति हुई है तथा इनके पूरा होने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क) से (ग) : बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (डीआरआईपी) चरण- II और चरण- III योजना 10 वर्षों की अवधि में 6-6 वर्षों के दो चरणों में कार्यान्वित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक की 2 वर्षों की ओवरलैप अवधि होगी, जिसमें 19 राज्यों में 736 बांधों को शामिल किया जाएगा, जिसका कुल व्यय 10211.00 करोड़ रुपये है। इस योजना में आंध्र प्रदेश राज्य के बांध शामिल हैं। डीआरआईपी चरण-II योजना दिनांक 12 अक्टूबर, 2021 से प्रभावी है। अब तक, विश्व बैंक द्वारा तैयारी से संबंधित निर्धारित मानदंडों का अनुपालन न होने के कारण; आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने इस योजना में भाग नहीं लिया है।

*****